सांध्य दैनिक
आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel
# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट
सतर्क रहें-सजग रहें अभियान
www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com
वर्ष : 11 अंक : 91 | इंदौर, मंगलवार 14 अक्टूबर, 2025 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

## Headline

1. ADGP Suicide: ओमप्रकाश को कार्यकारी डीजीपी का प्रभार, कुछ ही देर में पहुंचेंगे राहुल गांधी; हरियाणा में अलर्ट
2. Bihar: सीट बंटवारे से पहले ही CPI-ML उम्मीदवारों को मिला सिंबल, लिस्ट में सुशांत सिंह राजपूत की बहन का नाम भी
3. Karnataka: कर्नाटक में RSS की गतिविधियों पर रोक की तैयारी, सीएम ने समीक्षा के दिए आदेश; इस मंत्री ने की मांग
4. India-US: 'भारत महान देश और मेरे बहुत अच्छे दोस्त वहां शीर्ष पर'; ट्रंप ने शहबाज के सामने की PM मोदी की तारीफ
5. Durgapur Case: 'ममता बनर्जी झूठा बयान दे रहीं', दुर्गापुर कांड में भाजपा ने घेरा; टीएमसी सरकार पर उठाए सवाल
6. WHO: भारत के तीन कफ सिरप को लेकर चेतावनी जारी, इनमें MP में बच्चों की मौत का कथित कारण बना कोल्ड्रिफ भी

# सोयाबीन के भावांतर की राशि को कैबिनेट देगी मंजूरी

## दो हफ्ते बाद आज मोहन कैबिनेट की मीटिंग, कलेक्टर-कमिश्नर कांफ्रेंस पर भी होगी चर्चा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी। दो हफ्ते बाद आज होने वाली मोहन कैबिनेट की बैठक में सोयाबीन के भावांतर की राशि को मंजूरी दी जाएगी। कृषि विकास और किसान कल्याण विभाग द्वारा इसके लिए प्रस्ताव तैयार कर कैबिनेट को मंजूरी के लिए भेजा गया है। इसके बाद सोयाबीन के भाव में अंतर की राशि किसानों को देने की कार्यवाही की जाएगी।**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सोयाबीन के दाम में गिरावट के चलते किसानों को भावांतर के रूप में राशि देने का निर्णय लिया है। इसके लिए सीएम यादव ने यहां तक कहा है कि किसानों का किसी भी स्थिति में नुकसान नहीं होने देंगे। 500 से 700 या फिर 1000 रुपए क्विंटल भी किसानों को भावांतर के रूप में देना पड़ा, तो सरकार देगी। इसी तारतम्य में आज कैबिनेट में इसका प्रस्ताव लाया जा रहा है।

मोहन सरकार इस प्रस्ताव को मंजूरी देगी। इसके लिए सोयाबीन के वास्तविक और संभावित दामों का आकलन कृषि विकास विभाग के अफसरों ने करा लिया है और इसके आधार पर ही किसानों को दिए जाने वाले भावांतर की राशि तय की जाएगी।

### पंजीयन की प्रक्रिया हुई पूरी

जिन किसानों ने सोयाबीन की फसल बोई है उन्हें नुकसान की भरपाई के लिए दी जाने वाली भावांतर की राशि के लिए सरकार ने 3 से 10 अक्टूबर के बीच पंजीयन कराया है। ऐसे किसानों का पंजीयन हो चुका है और अब कैबिनेट की मंजूरी के बाद जब किसानों द्वारा कृषि उपज मंडी या बाजार में सोयाबीन की बिक्री कर ली जाएगी और उसके दस्तावेज दिखाए जाएंगे, उसके आधार पर सरकार किसान को मिले सोयाबीन के भाव (दाम) में अंतर की राशि का भुगतान करेगी।



### कलेक्टर-कमिश्नर कांफ्रेंस पर भी होगी चर्चा

आज होने वाली बैठक में 7 और 8 अक्टूबर को हुई कलेक्टर और कमिश्नर कांफ्रेंस में तय हुई प्राथमिकताओं की जानकारी मुख्यमंत्री मंत्रिमंडल के साथियों से शेयर करेंगे। इसमें मंत्रियों के दौरे को लेकर भी सीएम निर्देश दे सकते है, क्योंकि कांफ्रेंस में अफसरों को गांवों में रात्रि विश्राम और दौरे के निर्देश दिए गए हैं।

# इंदौर में ट्रैक्टर-ट्रॉली पलटने से 3 मजदूरों की मौत, 24 घायल

## सरकार ने किया 4 लाख का मुआवजा घोषित

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। ट्रैक्टर-ट्रॉली पलटने से 3 लोगों की मौत हो गई। जबकि करीब 25 लोग घायल हो गए। ये हादसा सांवेर में चंद्रावतीगंज के पास सोमवार शाम को हुआ है।**

घायलों को सांवेर के सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वहीं, घटनास्थल पर एम्बुलेंस को भेजा गया है। इधर, घटना की सूचना मिलते ही कलेक्टर शिवम वर्मा ने इंदौर के एमवाय अस्पताल और अरविंदो अस्पताल को अलर्ट रहने को कहा है। सीएमएचओ डॉ. माधव हासानी ने कहा है कि टीम अलर्ट मोड पर है। एएसपी रूपेश द्विवेदी के मुताबिक मोड़ आने पर ट्रैक्टर-ट्रॉली पलट गई। घायलों में दो की हालत गंभीर बताई जा रही है। इस हादसे में जानी बाई (उम्र 40 साल) और कमला बाई (उम्र 50 साल) की मौके पर ही मौत हो गई। एक नाबालिग की घटनास्थल से अस्पताल लाते समय रास्ते में मौत हो गई। दो की हालत गंभीर बताई जा रही है। चंद्रावतीगंज थाना पुलिस के मुताबिक, ट्रैक्टर-ट्रॉली में मजदूर सवार थे। चंद्रावतीगंज के नजदीक रतन खेड़ी गांव से कुछ मजदूर खेतों में काम करके वापस अपने घर बीबी खेड़ी और हरिया खेड़ी जा रहे थे। तभी बीबी खेड़ी और रतन खेड़ी के बीच में ट्रैक्टर ट्रॉली पलट गई। हादसे में 25 से 27 सवार मजदूर घायल हो गए।





# इंदौर विकास प्राधिकरण अध्यक्ष पद की दौड़ में कई दावेदार

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। मध्यप्रदेश में भाजपा की सरकार बने दो वर्ष होने वाले हैं, लेकिन अभी तक निगम, मंडलों में राजनीतिक नियुक्तियां नहीं हो पाई हैं। इंदौर विकास प्राधिकरण में भी राजनीतिक बोर्ड की कवायद शुरू हो रही है।**




इंदौर से कई नेता अध्यक्ष पद की दौड़ में हैं और अपने राजनीतिक आकाओं के जरिए भोपाल के पदाधिकारियों को साधने में जुट गए हैं। माना जा रहा है कि इस पद के लिए संगठन के अलावा संघ की पसंद भी मायने रखेगी। अध्यक्ष पद के लिए पूर्व भाजपा नगर अध्यक्ष गौरव रणदीवे, मुकेश राजावत, जीतू जिराती, टीनू जैन, सुदर्शन गुप्ता, हरिनारायण यादव के नाम चर्चा में है। राजावत और टीनू जैन नगर अध्यक्ष की दौड़ में भी थे, लेकिन तब संगठन ने सुमित मिश्रा को नगर अध्यक्ष बनाया था। इस कारण दोनों अध्यक्ष पद के प्रबल दावेदार माने जा रहे हैं और दीपावली के बाद घोषणा हो सकती है। अध्यक्ष के अलावा उपाध्यक्ष और संचालक मंडल भी काबिज होगा। दो मर्तबा पहले अध्यक्ष की घोषणा की गई और कुछ समय बाद संचालक मंडल घोषित किया गया, लेकिन इस बार अध्यक्ष के साथ संचालक मंडल भी तय हो जाएगा। उधर भाजपा की नगर कार्यकारिणी की भी जल्दी ही घोषणा होगी। नामों को लेकर तीन माह पहले रायशुमारी हो चुकी है।

# एसटीपी प्लांट देख नाराज हुए निगमायुक्त



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। नमामि गंगे अभियान के तहत कबिटखेड़ी में बन रहे 120 एमएलडी सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) के काम में देरी पर नगर निगम आयुक्त दिलीप कुमार यादव नाराज हो गए। सोमवार को उन्होंने अधिकारियों के साथ साइट का निरीक्षण किया। काम की धीमी रफ्तार देखकर आयुक्त ने निर्माण एजेंसी को फटकार लगाई और कहा कि लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।**

आयुक्त ने एजेंसी से काम की प्रगति रिपोर्ट मांगी और कंसल्टेंट से भी जवाब देने को कहा। उन्होंने निर्देश दिए कि काम की रफ्तार बढ़ाई जाए और साइट पर मजदूरों व संसाधनों की संख्या तुरंत बढ़ाई जाए। आयुक्त ने कहा कि जो काम तय समय में पूरा नहीं हुआ है, उसे अब हर हाल में समय पर पूरा किया जाए। उन्होंने अपर आयुक्त रोहित सिसोनियो को निर्देश दिए कि निर्माण एजेंसी को शोकॉज नोटिस जारी करें और नोटिस में साफ लिखा जाए कि काम तय समय सीमा के भीतर ही पूरा किया जाए।

# स्वास्थ्य विभाग के लंबित प्रकरणों का निराकरण समयसीमा में किया जाये

## सामाजिक सुरक्षा, पेंशन, अनुकंपा नियुक्ति का कोई भी प्रकरण लंबित नहीं रखे

● कलेक्टर श्री शिवम वर्मा की अध्यक्षता में अंतर्विभागीय समन्वय समिति एवं समयसीमा पत्रों (टीएल) की समीक्षा बैठक सम्पन्न



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर**। कलेक्टर श्री शिवम वर्मा की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्टर सभागृह में अंतर्विभागीय समन्वय समिति एवं समयसीमा पत्रों (टीएल) की समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक में कलेक्टर श्री वर्मा ने सभी अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे सामाजिक सुरक्षा, पेंशन, अनुकंपा नियुक्ति का कोई भी प्रकरण लंबित नहीं रखे। इस कार्य में लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों पर सख्त कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी। स्वास्थ्य विभाग में लंबित प्रकरणों की संख्या अधिक होने पर नाराजगी जताते हुए श्री वर्मा ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के खिलाफ सख्ती बरतते हुए कहा कि निर्धारित समयसीमा में लंबित प्रकरणों का निराकरण करें और उन्हें पोर्टल पर दर्ज करें। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी हितग्राहियों की केवायसी पूर्ण करें और पोर्टल पर अपडेट करें।

श्री वर्मा ने कहा कि सीएम हेल्पलाईन के तहत शासन की रेकिंग में इंदौर जिले को टॉप जिलों में बनाये रखना हम सबकी जिम्मेदारी है, इसके लिये सभी विभाग लंबित प्रकरणों का त्वरित और गुणवत्तापूर्ण निराकरण करें। योजनाओं का क्रियान्वयन समयसीमा में हो और नागरिकों की समस्याओं के प्रति गंभीरता रखें। उन्होंने अनुकम्पा नियुक्ति के मामलों को एक सप्ताह में निराकृत करने के निर्देश दिये। कलेक्टर श्री वर्मा ने स्कूल शिक्षा विभाग, सामान्य प्रशासन विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, वित्त विभाग, पिछड़ा वर्ग व अल्प संख्यक कल्याण विभाग, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, लोक निर्माण विभाग, श्रम विभाग, लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा विभाग के लंबित प्रकरणों को समयसीमा में गुणवत्ता के साथ निराकृत करने के निर्देश दिये। उन्होंने सभी अनुविभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे विभिन्न विभागों के लंबित प्रकरणों को देखें और उनका समयसीमा में निराकरण कराना सुनिश्चित करें।

# विश्व हिन्दू परिषद धर्म प्रसार विभाग का दो दिवसीय कार्यकर्ता प्रशिक्षण वर्ग इन्दौर में सम्पन्न हुआ

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर**। धर्मप्रसार के प्रशिक्षण वर्ग के प्रथम दिवस पर उद्घाटन सत्र में कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए विहिप के प्रांत अध्यक्ष श्री मुकेश जैन ने बताया कि विश्व हिन्दू परिषद की स्थापना जिन उद्देश्यों को हुई उसमें धर्मप्रसार विभाग के द्वारा धर्मातरण को रोकना और धार्मातिरित हुए हिन्दूओं की घर वापसी करना यह लक्ष्य था। उन्होंने अपने उद्बोधन में विश्व हिन्दू परिषद संगठन की संरचना को समझाते हुए देश भर में विश्व हिन्दू परिषद के कार्य की स्थिति को बताया। इसी प्रकार प्रांत संगठन मंत्री खगेन्द्र भार्गव ने भी कार्यकर्ताओं को धर्मातरण को रोकने हेतु हमें क्या करना होगा समाज में जागृति लाना, धर्म संस्कृति का महत्व बताना साथ ही विश्व हिन्दू परिषद संगठन के हम सब कार्यकर्ता गाँव-गाँव जाकर जन जागरण करने का कार्य करेंगे जो बंधु हिन्दू धर्म को छोड़कर चले गये उन्हे पुनः घर वापस लाने का प्रयास करना। धर्म प्रसार के प्रांत सह प्रमुख संजय होलकर ने बताया कि संगठन के द्वारा जो चयनित जिले और प्रखण्ड है उनमें धर्मातरण रोकने का कार्य प्राथनिकता से करना,




उनमें संगठन की टोली बनाकर अपने कार्य का विस्तार करना, सत्संग चलाना, धार्मिक कार्यक्रम सम्पन्न करना और सेवा कार्य खड़े करना। कार्यक्रम के समापन सत्र पर पुज्य संत कमलसिंह जी महाराज ने आर्शिवचन स्वरूप कार्यकताओं को सम्बोधित कर कहा कि आज धर्मातरण की जो चुनोति जो दी जा रही है इसमें हम सभी कार्यकर्ताओं को इन चुनितियों का सामना करते हुए आगे बढ़ना होगा।

# जनप्रतिनिधियों को विश्वास में लेकर कराएं विकास कार्य: मंत्री श्री सिलावट

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर**। जल संसाधन मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट ने कहा है कि अधिकारी शासकीय विकास कार्यों में जनप्रतिनिधियों को विश्वास में लेकर कार्य करें। उन्हें कार्यों की जानकारी दें तथा उनके सुझावों पर भी अमल किया जाए। जल संसाधन मंत्री सोमवार को मंत्रालय भोपाल में पार्वती-कालीसिंध-चंबल नदी जोड़ो परियोजना अंतर्गत कुंभराज परियोजना संबंधी बैठक ले रहे थे। बैठक में सांसद राजगढ़ श्री रोडमल नागर, विधायक चाचौड़ा श्रीमती प्रियंका पेंची, अपर मुख्य सचिव जल संसाधन श्री राजेश राजौरा, प्रमुख अभियंता श्री विनोद देवड़ा एवं संबंधित अधिकारी उपस्थित थे। कलेक्टर गुना ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक में भाग लिया। जल संसाधन मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी द्वारा पार्वती-कालीसिंध-चंबल नदी जोड़ो परियोजना के रूप में मध्यप्रदेश को एक बड़ी सौगात दी है। पूर्व प्रधानमंत्री स्व.श्री अटल बिहारी वाजपेयी का नदी जोड़ो का सपना मध्यप्रदेश में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में साकार हो रहा है। यह अनूठी परियोजना है जिसमें केंद्र सरकार द्वारा 90% राशि दी जा रही है, राज्य सरकारों को केवल 10% राशि वहन करनी है। इसके पूरा होने पर क्षेत्र की तस्वीर बदल जाएगी। हर किसान के खेत तक पानी पहुंचाना हमारी सरकार का संकल्प है। बैठक में बताया गया कि संशोधित पार्वती कालीसिंध चंबल लिंक परियोजना से मध्यप्रदेश में 6 लाख 11 हज़ार 50 हेक्टेयर में सिंचाई सुविधा के साथ 40 लाख आबादी को पेयजल की सुविधा प्राप्त होगी। इस परियोजना के एक घटक के रूप में कुंभराज परियोजना सबसे बड़ी परियोजना है। परियोजना से सबसे ज्यादा लाभ गुना जिले की विधानसभा क्षेत्र चाचौड़ा के किसानों को होगा। बैठक में तकनीकी रूप से उपयुक्त स्थल पर ही निर्माण कार्य किये जाने के निर्देश दिये गये।

# किसान से पुलिसकर्मी बनकर ठगी की वारदात

## चेकिंग का डर बताकर सोने की अंगूठी और चेन लेकर हुए फरार

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (न्यूज)

**इंदौर। गांधी नगर में एक किसान के साथ ठगी की वारदात हो गई। बदमाशों ने पुलिसकर्मी बनकर वारदात को अंजाम दिया है। वे खुद को क्राइम ब्रांच में पदस्थ होना बता रहे थे।**

किसान से सोने की अंगूठी, चेन ओर नकदी लेकर फरार हो गए। पुलिस ने इस मामले में आसपास के फुटेज तलाश रही है। बता दें, एक दिन पहले ही क्राइम ब्रांच ने द्वारकापुरी के युवक से घर में घूसकर क्राइम ब्रांच के पुलिसकर्मी बन वारदात करने वाले आरोपियों को पकड़ा था। गांधी नगर पुलिस ने मनोहर गुप्ता की शिकायत पर अज्ञात बाइक सवार दो बदमाशों के खिलाफ ठगी के मामले में केस दर्ज किया है। पुलिस के मुताबिक मनोहर किसान हैं और वे रविवार सुबह खेड़ापति हनुमान मंदिर पर दर्शन करने पहुंचे थे। जब वह मंदिर से बाहर आए तो बाइक पर एक हेलमेट पहने व्यक्ति आया। उसने चेकिंग करने की बात कही। उसी समय एक अन्य व्यक्ति आया। हेलमेट पहने व्यक्ति ने उसकी जेब से रूमाल और कुछ पैसे निकाले ओर पेंट व शर्ट की जेब चेक करते हुए उसे रुमाल में बांधकर वापस दे दिए। फिर हेलमेट पहने व्यक्ति ने कहा कि वह क्राइम ब्रांच से है। एक आईडी बताते हुए जेब में रख ली। इसके बाद आगे वारदात होने की बात कहते हुए हाथ की उंगलियों से एक अंगूठी उतरवाई। गले की चेन और पर्स के रुपए निकालकर एक रुमाल में बांधा और कुछ देर बाद पेंट की पॉकेट में अपने हाथ से रख दिए। कुछ देर बाद दोनों धीरे से निकल गए। इसके बाद हेलमेट सवार युवक अपने एक अन्य साथी के साथ वहां से चले गया। किसान मनोहर गुप्ता वहां से अपने एक परिचित साथी के मेडिकल पर मारुति नगर एक्टिवा से पहुंचे। यहां रूमाल चेक किया तो उसके अंदर सिर्फ 400 रुपए रखे हुए थे। वही एक खाली थैली थी। जिसमें अंगूठी और सोने की चेन नहीं थी। बाद में मनोहर गुप्ता अपने साथी को लेकर गांधी नगर थाने पहुंचे और नकली क्राइम ब्रांच के पुलिसकर्मियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई। पुलिस अब रूट मैप से आरोपियों के फुटेज खंगाल रही है।

# इंदौर के निजी अस्पतालों की फायर एनओसी सहित अन्य जांच की जाए

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (न्यूज)

**इंदौर।** हाईकोर्ट इंदौर खंडपीठ में डबल बैंच के जस्टिस विवेक रूसिया व जस्टिस विनोद कुमार द्विवेदी ने यह आदेश सोमवार को जारी किया। उन्होंने याचिका की सुनवाई करते हुए मुख्य चिकित्सा स्वास्थ्य अधिकारी को निर्देशित भी किया। दरअसल, याचिकाकर्ता चर्चित शास्त्री ने बताया कि हवा बंगला रोड स्थित अविरल हॉस्पिटल संचालकों ने कूट रचित दस्तावेजों के आधार पर अस्पताल का रजिस्ट्रेशन करा लिया। इस तरह संचालकों द्वारा अवैध भवन में अस्पताल संचालित किया जा रहा था। हाईकोर्ट ने मामले की गंभीरता को देखते हुए उक्त याचिका को जनहित याचिका के तहत सुनने निर्णय लिया। इतना ही नहीं अवैध अस्पताल को तत्काल सीज करने व भर्ती सभी मरीजों को अस्पताल से नजदीक किसी भी शासकीय अथवा प्राइवेट अस्पताल में भर्ती करने के आदेश दिए।

खाद्य विभाग की बड़ी कार्रवाई...

# ढाई क्विंटल से ज्यादा मावा जब्त

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (न्यूज)

**इंदौर।** खाद्य विभाग ने दीपावली पूर्व बड़ी कार्रवाई करते हुए प्रेम नगर स्थित एक मकान पर मारा छापा। यहां से ढाई क्विंटल से ज्यादा मावा जब्त किया गया है। यह मावा गुजरात से मिठाई के रूप में लाया गया था। कलेक्टर शिवम वर्मा के निर्देश पर इन दिनों खाद्य विभाग के द्वारा विशेष जांच अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में सोमवार को सूचना मिलने के बाद खाद्य विभाग की टीम ने प्रेम नगर में मौजूद आहूजा मिल्क पाइंट पर छापा मारा। टीम को यहां से बड़ी मात्रा में मावा मिला है। यह



मावा अहमदाबाद और वडोदरा से मंगवाया गया था। खाद्य विभाग की टीम ने मावे की सैम्पल लेकर जांच के लिए भेजे हैं। जब्त मावा 2754 किलो है और प्राथमिक जांच में मिलावट की बात सामने आई है। बताया जा रहा है की प्रेम नगर स्थित मकान से यह मावा इंदौर की कई दुकान पर भेजा जा रहा था। फिलहाल खाद्य विभाग द्वारा पूरे मामले की जांच की जा रही है। साथ ही ऐसे सभी लोगों पर नजर रखी जा रही है जो त्योहारों की आड़ में मिलावटी और घटिया क्वालिटी का सामान बेचकर आम लोगों की सेहत के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं।

# छात्रा को एसिड से जलाने की धमकी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (न्यूज)

**इंदौर।** द्वारकापुरी में एक छात्रा को उसके पूर्व परिचित युवक द्वारा तेजाब फेंकने की धमकी देने का मामला सामने आया है। छात्रा और युवक की आपस में पहले दोस्ती थी। लेकिन उसकी हरकतों के चलते छात्रा ने कुछ माह पहले युवक से बात करना बंद कर दी थी। द्वारकापुरी पुलिस के पास स्कीम नंबर 71 में रहने वाली एक छात्रा पहुंची थी। उसने रितिक पुत्र संजय भावसार निवास वेकटेंश विहार कॉलोनी एअरपोर्ट रोड पर तेजाब फेंकने की धमकी देने, शादी का दबाव बनाने और पीछा कर परेशान करने के मामले में केस दर्ज कराया है। छात्रा ने बताया कि रितिक और वह एक ही समाज से हैं। दोनों एक दूसरे को 6 साल से पहचानते हैं। इसलिए दोनों में अच्छी दोस्ती थी। उसकी हरकतों के चलते रितिक से बात बंद कर दी थी। सितंबर माह में जब छात्रा कोचिंग जाती तो उसका आते जाते रितिक पीछा करता था। यह बात उसने अपने पिता और भाई को बताई। जब रितिक के परिजनों को उन्होंने समझा दिया। लेकिन वह घर के चक्कर लगाने लगा। छात्रा ने पुलिस को बताया कि 2 अक्टूबर के दिन घर पर कोई नहीं था। तब वह बालकनी में खड़ी थी। तब रितिक घर के चक्कर लगा रहा था। वह छात्रा को देखकर इशारे करने लगा। रितिक को वहां से जाने के लिए कहां तो उसने कहां कि वह उसे पंसद करता है। शादी करना चाहता है। अगर इंकार किया तो तेजाब फेंककर जला देगा। छात्रा तब घर में चली गई। उसने डर के चलते यह बात परिवार को नही बताई। बाद में रितिक ने घर के चक्कर लगाने बंद नहीं किए। छात्रा ने रविवार को यह बात अपनी मां से की। इसके बाद परिवार के लोग छात्रा को लेकर थाने पहुंचे और मामले में एफआईआर दर्ज कराई है।

# पेट्रोल पंप पर खड़े-खड़े गिरा युवक, मौत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (न्यूज)

**इंदौर।** पेट्रोल पंप पर गाड़ी में फ्यूल डलवा रहा युवक अचानक जमीन पर गिरा और बेहोश हो गया। पंपकर्मियों ने उसे उठाया। मुंह पर पानी के छींटे मारे। जब वह होश में नहीं आया तो उसे अस्पताल पहुंचाया। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। मामला विजयनगर इलाके में भारत पेट्रोलियम के पंप पर सोमवार सुबह की है। इसका वीडियो भी सामने आया है।

मौत की वजह साइलेंट हार्ट अटैक माना जा रहा है। विजयनगर पुलिस ने बताया- 45 वर्षीय सौदान सिंह पुत्र फूल सिंह परमार सिंगापुर टाउनशिप में रहता था। वह सोमवार सुबह करीब साढ़े 7 बजे होटल सयाजी के सामने बने पेट्रोल पंप पर पहुंचा। अपनी टेम्पो ट्रेवलर में पेट्रोल डलवाने लगा। पेमेंट करने के दौरान वह अचानक जमीन पर गिर पड़ा। पंप के कर्मचारियों ने तुरंत उसे संभाला। होश में नहीं आने पर उसे एम्बुलेंस से नजदीकी भंडारी अस्पताल भेजा। यहां कुछ देर बाद सौदान सिंह की मौत हो गई। शव को पोस्टमार्टम के लिए एमवाय हॉस्पिटल भेजकर पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। सौदान सिंह मूल रूप से राजस्थान का रहने वाला था। फिलहाल, इंदौर के लसूड़िया में पत्नी गीता और दो बच्चों के साथ रह रहा था। निजी ट्रेवल्स की गाड़ी चलाकर इंदौर से पीथमपुर लोगों को छोड़ने जाता था। परिजन ने बताया कि गिरने से सौदान सिंह के सिर में चोट आई थी। काफी खून भी बहा था। वह मौके पर 20 मिनट पड़ा रहा।

# हत्या के मुख्य आरोपी को भेजा जेल

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (न्यूज)

**इंदौर। मौसेरे भाई की हत्या के मुख्य आरोपी को जेल भेज दिया गया। वह एक दिन की रिमांड था। उसे सोमवार को कोर्ट पेश किया था। घटना शुक्रवार रात करीब 12.30 बजे सैफी नगर झोपड़ पट्टी के पास हुई थी।**

जूनी इंदौर पुलिस के मुताबिक दुर्गेश (21) पिता रमेश पंवार खरगोन का रहने वाला था। इंदौर में वह फर्नीचर दुकान पर काम करता था और सैफी नगर झोपड़ पट्टी में रह रहा था। शुक्रवार रात को दुर्गेश को बर्थडे पार्टी में जाना था। इस बात को लेकर उसका मौसेरे भाई रोहित उर्फ बिट्टू पंवार से विवाद हो गया। इस दौरान दुर्गेश ने रोहित के साथ गाली-गलौज कर दी। इस पर रोहित ने अपने दोस्तों को वहां बुला लिया और दुर्गेश के साथ मारपीट करते हुए उसे चाकू मार दिया। घटना के बाद वह फरार हो गया था। 5 घंटे की मशक्कत के बाद पुलिस ने रोहित, आर्यन, सावन सहित तीन नाबालिग को पकड़ लिया था। टीआई अनिल गुप्ता ने बताया कि रोहित एक दिन की पुलिस रिमांड पर था। उससे



पूछताछ के बाद सोमवार को उसे कोर्ट पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया। घटना के बाद से ही पुलिस दुर्गेश की हत्या के मुख्य आरोपी रोहित उर्फ बिट्टू पंवार की तलाश कर रही थी। मुखबिर की सूचना पर पुलिस उसे जूनी इंदौर इलाके में से पकड़ने पहुंची थी। पुलिस को देख वह भागने का प्रयास करने लगा इस दौरान वह रेलवे ट्रैक पर गिर गया, जिसमें वह घायल हो गया था।

# भोपाल में 5वां राज्य स्तरीय स्वच्छता समग्र समारोह आज, सीएम डॉ. यादव प्रदान करेंगे स्वच्छता सम्मान

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** नगरीय विकास एवं आवास विभाग द्वारा मंगलवार को रवीन्द्र भवन हंसध्वनि सभागार में 5वां राज्य स्तरीय स्वच्छता समग्र समारोह एवं कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव दोपहर 1 बजे समारोह में उल्लेखनीय कार्य करने वाले नगरीय निकायों को स्वच्छता सम्मान प्रदान करेंगे। समारोह में नगरीय विकास एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय और राज्यमंत्री प्रतिमा बागरी भी उपस्थित रहेंगी। आयुक्त नगरीय प्रशासन एवं विकास संकेत भोंडवे ने बताया कि इस कार्यक्रम में स्वच्छता पखवाड़ा पर आधारित विशेष फिल्म और स्वच्छता सर्वेक्षण 2025 के डिजिटल पोस्टर का लोकार्पण भी किया जाएगा। कार्यक्रम में नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के अपर मुख्य सचिव संजय दुबे द्वारा स्वच्छ भारत मिशन और शहरी विकास के रोडमैप की रूपरेखा प्रस्तुत की जाएगी।

### कार्यशाला में विषय और सत्र

कार्यशाला सुबह 9 बजे से समानान्तर सत्रों के रूप में शुरू होगी। आयुक्त



संकेत भोंडवे का प्रारंभिक उद्बोधन लीगेसी वेस्ट,वायु गुणवत्ता और शहरी स्वच्छता की चुनौतियों पर होगा। मुख्य सत्रा में - नर्मदा बेसिन और धार्मिक पर्यटन स्थलों में स्वच्छता व कचरा प्रबंधनः महापौर उज्जैन मुकेश टटवाल, महापौर जबलपुर जगत बहादुर सिंह, एमडी पर्यटन विकास निगम इलैया राजा और डायरेक्टर डीपी सिंह सत्र में शामिल होंगे। लीगेसी अपशिष्ट की स्थिति एवं चुनौतीः महापौर इंदौर पुष्यमित्र भार्गव, छिंदवाड़ा महापौर विक्रम सिंह अहाके, ग्वालियर महापौर शोभा सिकरवार और संबंधित आयुक्तगण सत्र में शामिल होंगे। शहरों की कार्य योजना, सफाई, सौंदर्यीकरण और छोटे शहरों में विकासः महापौर भोपाल श्रीमती मालती राय, आयुक्त उज्जैन अभिलाष मिश्रा, आयुक्त भोपाल संस्कृति जैन, आयुक्त सागर राजकुमार खत्री सत्र में शामिल होंगे।

### सफाई मित्रों से संवाद

कार्यशाला में नगरीय निकायों में कार्यरत सफाई मित्रों और अधिकारियों के बीच कुशलता वृद्धि और कल्याणकारी योजनाओं से जुड़ाव पर विशेष चर्चा होगी। इस सत्र में सफाई मित्रों की भूमिका और उनके काम को और प्रभावी बनाने के उपायों पर विचार साझा किए जाएंगे।

## मुख्यमंत्री से आईटीआई के मेधावी प्रशिक्षणार्थियों ने की सौजन्य भेंट

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से सोमवार को मंत्रालय में मध्यप्रदेश के विभिन्न औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थाओं (आईटीआई) के मेधावी प्रशिक्षणार्थियों ने सौजन्य भेंट की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सभी होनहार प्रशिक्षणार्थियों को उनकी विशिष्ट उपलब्धियों के लिए बधाई देकर उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर कौशल विकास एवं रोजगार राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गौतम टेटवाल, विधायक एवं प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल सहित कौशल विकास एवं रोजगार विभाग के अधिकारी भी उपस्थित थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव से सोमवार को मंत्रालय में ही राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार-2025 प्राप्त मध्यप्रदेश के तीन शिक्षकों ने भी सौजन्य भेंट की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सभी शिक्षकों को इस उपलब्धि के लिए बधाई और शुभकामनाएं दीं।

## महिला टीचर ने छत से कूदकर दी जान

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** लिव इन में रह रही एक महिला ने दो मंजिला मकान की छत से कूदकर आत्महत्या कर ली। खास बात यह है कि उसने पुलिसकर्मियों के सामने छलांग लगाई। पुलिस करीब आधे घंटे तक महिला को समझाने की कोशिश करती रही, लेकिन वह नहीं मानी। ये घटना रविवार सुबह शहर के रातीबड़ इलाके की है। नीचे गिरते ही महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। उसे अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस के अनुसार, सुनीता चौहान (43) मूल रूप से इटारसी की रहने वाली थी। वह टीचर थी। करीब 8 साल पहले उसके पति अजय चौहान की मौत हो चुकी थी। हाल ही में वह अपने कथित प्रेमी के साथ रहने के लिए भोपाल आई थी। दोनों पिछले 8 दिनों से रातीबड़ क्षेत्र में किराए के मकान में रह रहे थे।

## जनसंपर्क कार्यालय के कर्मचारी को हार्ट अटैक

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** जिला जनसंपर्क कार्यालय हरदा के वरिष्ठ कर्मचारी गजानन अहीर का सोमवार शाम को हृदय गति रुकने से निधन हो गया। उन्हें कार्यालय में काम करते समय सीने में दर्द हुआ था, जिसके बाद उन्हें तत्काल जिला अस्पताल ले जाया गया। अस्पताल में डॉ. मनीष शर्मा सहित अन्य चिकित्सकों ने उन्हें बचाने का हरसंभव प्रयास किया, लेकिन कुछ देर बाद ही उनकी मौत हो गई। अहीर लंबे समय से जिला जनसंपर्क कार्यालय में अपनी सेवाएं दे रहे थे। वे अपने सौम्य स्वभाव और कर्तव्यनिष्ठा के लिए सहकर्मियों के बीच लोकप्रिय थे। स्वर्गीय अहीर मूलतः खंडवा जिले के निवासी थे। जिला जनसंपर्क कार्यालय परिवार और पत्रकारों ने उनके निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। उनका अंतिम संस्कार मंगलवार सुबह खंडवा में किया जाएगा।

...और धंस गई सड़क

# भोपाल-इंदौर रूट पर 100 मीटर रोड गायब, ब्रिज पर बना खतरनाक गड्ढा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** मध्यप्रदेश की राजधानी भोपाल के निकट एमपीआरडीसी की मुख्य सड़क पर बने ब्रिज की रिटेनिंग वॉल डैमेज होने से सड़क का मुख्य हिस्सा जमींदोज हो गया। गनीमत रही हादसे के वक्त मौके पर कोई वाहन नहीं था। यह सड़क बुंदेलखंड से मालवा को जोड़ने वाली मुख्य सड़क है।

जानकारी अनुसार सोमवार को भोपाल के बिलखिरिया के पास मंडीदीप से ईंटखेड़ी की ओर जाने वाले ब्रिज के पास का हिस्सा धंस गया और मुख्य सड़क पर करीब सौ मीटर का गड्ढा दिखने लगा। सागर-इंदौर को जोड़ने वाली एक महत्वपूर्ण सड़क है, जिसका करीब 100 मीटर हिस्सा धंस जाने के बाद एक बड़ा हादसा



टल गया। घटना सोमवार दोपहर 12 से 1 बजे के बीच हुई, जब मंडीदीप से ईंटखेड़ी की ओर जाने वाले ब्रिज के पास रिटेनिंग वॉल समेत सड़क का हिस्सा अचानक बैठ गया। गनीमत रही कि इस दौरान कोई बड़ा वाहन वहाँ से नहीं गुजर रहा था, जिससे जान-माल का कोई नुकसान नहीं हुआ। सड़क धंसने के बाद हादसे की आशंका को देखते हुए सूखी सेवनिया थाना प्रभारी रामबाबू चौधरी सड़क धंसने के तुरंत बाद सुरक्षा के लिहाज से एक तरफ का ट्रैफिक रोक दिया। यहां से आने वाले वाहनों को डायवर्ट किया गया है। मौके पर पुलिस बल और एमपीआरडीसी अधिकारी मौजूद हैं और क्षतिग्रस्त क्षेत्र को बैरिकेड कर मरम्मत का काम शुरू कर दिया गया है। राजधानी से सटे इलाके में एक मुख्य सड़क के जमीनदोज होने के मामले में विभागीय अधिकारी सकते में आ गए और हाथ-पांव फूल गए। घटना की गंभीरता को देखते हुए एमपीआरडीसी ने तत्काल एक जांच दल गठित कर दिया है। इसमें मुख्य अभियंता बीएस मीणा, जीएम मनोज गुप्ता और जीएम आरएस चंदेल जैसे वरिष्ठ अधिकारियों को शामिल किया गया हैं। बता दें के पीएम में इस डैमेज सड़क सहित अन्य सड़कों के निर्माण में मानकों की अनदेखी, मटेरियल की क्वालिटी और गुणवत्ता को लेकर हमेशा सवाल उठते रहे हैं।

# दिलीप बिल्डकॉन पर इनकम टैक्स डिपार्टमेंट की रेड

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी। आयकर विभाग ने सोमवार सुबह दिलीप बिल्डकॉन (डीबीएल) और उससे जुड़े सहयोगियों के ठिकानों पर रेड मारी है। अमृतसर से आई इनकम टैक्स टीम भोपाल में दो जगहों पर दस्तावेज खंगाल रही है। दिलीप बिल्डकॉन ग्रुप के मालिक दिलीप सूर्यवंशी के चूनाभट्टी स्थित दफ्तर पर भी सर्चिंग की जा रही है।**

पंजाब के चंडीगढ़ रीजन के आयकर विभाग की डीजी इन्वेस्टिगेशन बत्सला झा ने मीडिया से बातचीत में दिलीप बिल्डकॉन के भोपाल में दो ठिकानों में छापे की पुष्टि की है। अमृतसर की आईटी टीम ने एमपी एसएएफ की मदद ली है। लोकल पुलिस या केंद्रीय सुरक्षा एजेंसियों को नहीं बुलाया है। अमृतसर से आई टीम ने इस छापेमारी में भोपाल



के विभागीय अफसरों को साथ नहीं लिया है। सोमवार सुबह से चल रही इस कार्रवाई की जानकारी मीडिया में आने के बाद स्थानीय अफसरों के संज्ञान में आई है। भोपाल मेट्रो रेल का ठेका दिलीप बिल्डकॉन के पास है। कंपनी को हाल ही में केरल में बड़ा प्रोजेक्ट मिला है। इसके अलावा गुरुग्राम मेट्रो का काम दिलीप बिल्डकॉन और रंजीत बिल्डकॉन को 1,503.63 करोड़ में मिला है, जिसमें मिलेनियम सिटी सेंटर से साइबर सिटी तक 26.65 किमी के कॉरिडोर में वायडक्ट और 14 एलिवेटेड स्टेशन का निर्माण शामिल है।


## विधायक ने खिलाड़ियों को विदेश जाने पर टोका

**गुना, एजेंसी।** 69वीं राज्य स्तरीय शालेय बास्केटबॉल चैंपियनशिप का शुभारंभ पर विधायक पन्नालाल शाक्य ने कहा देश में सबकुछ मिलने के बाद भी खिलाड़ी यहां से विदेश जा रहे हैं। खिलाड़ी ने प्रशंसा, प्रसिद्धि यहां से प्राप्त की, पैसा यहां से प्राप्त किया और बांध गठरी चले विदेशों में। उन्होंने कहा ऐसे खिलाड़ियों से अच्छे तो ध्यानचंद हैं, जिन्होंने जर्मनी के बुलावे पर भारत में रहना पसंद किया। आज हम जितने भी खिलाड़ी यहां आए हैं, सबसे पहले ये प्रतिज्ञा कर लेना कि कैसी भी परिस्थिति आ जाए, हम अपने देश को छोड़कर बाहर नहीं जाएंगे। तब अनुशासन गिना जाएगा। उन्होंने कहा इसका साफ मतलब है कि आपका देश के प्रति कोई लगाव नहीं है। आप काहे के देशभक्त हैं। विदेशों को पोषित कर रहे हो और देश सेवा की बात कर रहे हो। दरअसल सोमवार को विधायक उत्कृष्ट स्कूल में 69वीं राज्य स्तरीय शालेय बास्केटबॉल चैंपियनशिप में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे थे।

## संपादकीय

### पति और पत्नी दोनों उठा रहे योजना का लाभ..!

देशभर के किसान पीएम किसान सम्मान निधि की 21वीं किस्त का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। वहीं दूसरी ओर केंद्र सरकार ने पीएम किसान योजना के तहत 31 लाख से ज्यादा ऐसे लाभार्थियों की पहचान की है, जो इस योजना के नियमों के खिलाफ जाकर लाभ उठा रहे हैं। अब सरकार जल्द ही इन लोगों के खिलाफ ऐक्शन लेने की तैयारी कर रही है। केंद्र सरकार ने पीएम किसान योजना के तहत 31 लाख से ज्यादा ऐसे लाभार्थियों की पहचान की है, जहां पति और पत्नी दोनों इस योजना का लाभ उठा रहे हैं। अब कृषि मंत्रालय ने राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से 15 अक्टूबर तक इन संदिग्ध मामलों की जांच और गलत लाभार्थियों को सूची से हटाने को कहा है। केंद्र यह कदम 21 वीं किस्त जारी होने से पहले उठा रही है। कृषि मंत्रालय द्वारा जारी की गई लिस्ट में अब तक कुल 31 लाख संदिग्ध मामलों में से लगभग 19 लाख की जांच पूरी हो चुकी है। इनमें करीब 94 प्रतिशत मामलों में यह पुष्टि हुई कि पति और पत्नी दोनों को इस योजना का लाभ मिल रहा था। जबकि पीएम किसान योजना के तहत, हर चार महीने में किसानों के परिवारों के बैंक खातों में 6 हजार रुपये की आर्थिक सहायता तीन बराबर किश्तों में भेजी जाती है। फरवरी 2019 में योजना के शुरु होने के बाद से अब तक 9.7 करोड़ से ज्यादा किसानों को 20 किश्तों का भुगतान किया जा चुका है। इससे पहले भी, इससे पहले भी मंत्रालय ने 33 लाख से ज्यादा ऐसे संदिग्ध मामले पकड़े थे जहां जमीन मालिकों का विवरण गलत पाया गया था। केंद्र सरकार ने हाल में ही उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश और पंजाब के बाद जम्मू-कश्मीर के किसानों के खाते में 21वीं किस्त के रुप में 2-2 हजार रुपये ट्रांसफर कर दिए हैं। सरकार द्वारा यह कदम इन राज्यों में आई भारी आपदा को लेकर लिया गया था। उम्मीद जताई जा रही है कि अन्य राज्यों के लिए भी पीएम किसान सम्मान निधि योजना के अगली किश्त जल्द ही जारी कर दी जाएगी।




*जब आप अस्तित्व के साथ पूरी तरह से तालमेल में होते हैं, सिर्फ तभी आप इसे वैसा जानते हैं जैसा यह है। वरना, जिस तरह से आपका दिमाग इसकी व्याख्या करता है, आप इसे वैसा ही जानते हैं।*

**- जग्गी वासुदेव**

## Health is Wealth

# क्या रोज-रोज ईसबगोल लेना सुरक्षित है? जानें हेल्थ एक्सपर्ट क्या सलाह देते हैं



हमारा लाइफस्टाइल जैसे-जैसे बदल रहा है, पेट की समस्याएं काफी कॉमन होती जा रही हैं। उदाहरण के लिए पेट फूलना, गैस बनना, कब्ज की शिकायत, खाना ठीक से ना पचना आदि। इन सभी समस्याओं के लिए इस्तेमाल किया जाता रहा है, ईसबगोल की भूसी का। ये प्लांटागो ओवाटा नामक पौधे के सूखे बीजों की भूसी से मिलने वाला एक फाइबर है। इसे पानी या छाछ में मिलाकर पीया जाता है, जो जेल जैसी फॉर्म ले लेता है। पाचन से जुड़ी समस्याओं खासकर कब्ज से राहत दिलाने में ये काफी असरदार माना जाता है। कई लोग रोजाना इसका सेवन करते हैं। सवाल है कि क्या डेली-डेली ईसबगोल लेना सेफ है? चलिए जानते हैं हेल्थ एक्सपर्ट का इसपर क्या कहना है।

### ● क्या रोज ईसबगोल लेना सही है ?

हेल्थ एक्सपर्ट्स की मानें तो कभी-कभार कब्ज की शिकायत रहने पर ईसबगोल लिया जा सकता है, लेकिन लंबे समय तक बिना डॉक्टर की सलाह के इसपर निर्भर रहना सही नहीं है। किसी बाहरी चीज पर लंबे समय तक निर्भर रहने से, आपका नेचुरल डाइजेशन और बॉवेल मूवमेंट कमजोर होता है। वहीं फाइबर की मात्रा यदि ज्यादा हो जाए, तो जरूरी पोषक तत्वों का अवशोषण भी प्रभावित हो सकता है। इसके अलावा ईसबगोल लेते हुए यदि आप पर्याप्त मात्रा में पानी नहीं पी रहे हैं, तो डिहाइड्रेशन की समस्या हो सकती है। कई मामलों में तो कब्ज की शिकायत और ज्यादा बढ़ सकती है।

### ● लंबे समय तक कब ले सकते हैं ईसबगोल ?

डॉक्टर्स की मानें तो ईसबगोल लंबे समय तक तभी लेना चाहिए, जब आपको गंभीर कब्ज की शिकायत हो। इसमें भी डॉक्टर की सलाह लेना काफी जरूरी है, क्योंकि कई बार इसके भी कुछ साइड इफेक्ट हो सकते हैं। डॉक्टर की सलाह पर आपको सही डोज और कितने दिन तक लेना है, सभी चीजें पता होने के बाद ही इसका सेवन करना चाहिए।

### ● डाइट का ध्यान रखना है जरूरी

हेल्थ एक्सपर्ट्स सलाह देते हैं कि ईसबगोल या कोई भी बाहरी सप्लीमेंट लेने से बेहतर है कि आप अपनी डाइट में सुधार करें। खूब सारा फाइबर रिच फूड कैसे सब्जियां, फल और मोटे अनाज खाएं। इसके अलावा पानी भी पर्याप्त मात्रा में पीएं। कभी-कभार समस्या होने पर ईसबगोल या किसी बाहरी सप्लीमेंट का इस्तेमाल कर सकते हैं। लेकिन रोजाना लेने से पहले अपने डॉक्टर की सलाह जरूर लें।

Bihar

# लालू यादव ने सिंबल बांटे, दिल्ली से लौटते ही तेजस्वी ने लिए वापस... RJD में हाई वोल्टेज ड्रामा

**पटना, (एजेंसी)** बिहार चुनाव के दूसरे चरण के लिए भी नामांकन की प्रक्रिया शुरू हो गई है. चुनाव रणनीतिकार से राजनेता बने प्रशांत किशोर की जन सुराज पार्टी दो लिस्ट जारी कर सौ से अधिक उम्मीदवारों का ऐलान कर चुकी है. वहीं, सत्ताधारी राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) और विपक्षी महागठबंधन में सीट शेयरिंग पर रार अभी जारी है.

विपक्षी महागठबंधन की अगुवाई कर रहे राष्ट्रीय जनता दल (आरजेडी) में सोमवार को हाई वोल्टेज ड्रामा देखने को मिला. दरअसल, सोमवार की शाम पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी के आवास पर आरजेडी से टिकट



के कई दावेदार पहुंचे थे. कहा जा रहा है कि संभावित उम्मीदवारों को राबड़ी देवी के आवास पर पार्टी की ओर से ही बुलाया गया था. राबड़ी आवास पर कई नेताओं को चुनाव लड़ने के लिए लालू यादव ने सिंबल भी दे दिए. देर शाम लालू यादव ने नेताओं को आरजेडी से चुनाव लड़ने के लिए सिंबल दिए, लेकिन तेजस्वी यादव के दिल्ली से वापस पटना लौटते ही हाई वोल्टेज ड्रामा देखने को मिला. तेजस्वी यादव देर रात दिल्ली से लौटे और उनके पहुंचते ही उन नेताओं को फिर से राबड़ी आवास बुलाया गया, जिन्हें बिहार चुनाव लड़ने के लिए सिंबल दिए गए थे. सूत्रों की मानें तो तेजस्वी यादव के पटना पहुंचने के बाद आरजेडी के उम्मीदवारों को जारी किया गया सिंबल वापस ले लिया गया है.

Jammu

## जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा में एनकाउंटर

● सेना ने 2 आतंकवादियों को मार गिराया; सर्च ऑपरेशन जारी

**जम्मू, (एजेंसी)** सेना ने जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा जिले में नियंत्रण रेखा (LOC) के पास 2 आतंकवादियों को मार गिराया है। माचिल और दुदनियाल इलाकों में यह मुठभेड़ हुई। फिलहाल तलाशी अभियान जारी है। सोमवार शाम को सेना की ओर से जानकारी दी गई कि कुपवाड़ा सेक्टर में एलओसी के पास संदिग्ध गतिविधि देखी गई। शाम करीब 7 बजे सैनिकों ने गोलीबारी की। क्षेत्र में तलाशी अभियान शुरू किया गया। इससे पहले, कठुआ जिले में सुरक्षा बलों ने एक पुराने मोर्टार गोले का पता लगाकर उसे सुरक्षित तरीके से निष्क्रिय कर दिया। यह जानकारी अधिकारियों ने सोमवार को दी। उन्होंने बताया कि गोला स्थानीय निवासियों से मिली सूचना के आधार पर रविवार शाम को हीरानगर सेक्टर के करोल मथुरा सीमावर्ती गांव में खेत में बरामद किया गया। अधिकारियों ने बताया कि बम निरोधक दस्ते को मौके पर बुलाया गया और मोर्टार गोले को सुरक्षित रूप से निष्क्रिय कर दिया गया। सीमा सुरक्षा बल (BSF) ने सर्दियों से पहले जम्मू-कश्मीर में LoC पर अपनी चौकसी बढ़ा दी है, क्योंकि इस दौरान सीमा पार से घुसपैठ की कोशिशें बढ़ने की आशंका है। बीएसएफ के सीनियर अधिकारी ने बताया कि खुफिया जानकारी से पता चला कि आतंकवादी घाटी में घुसपैठ करने के लिए सीमा पार विभिन्न लांच पैडों पर इंतजार कर रहे हैं। उन्होंने कहा, 'आमतौर पर देखा गया है कि सर्दियों से पहले घुसपैठ की कोशिशें बढ़ जाती हैं। इसे ध्यान में रखते हुए हमने अपने जवानों और अधिकारियों को अलर्ट पर रखा है और सीमा पर चौकसी बढ़ा दी है। सटीक संख्या बताना मुश्किल है, लेकिन हमारे पास जो रिपोर्ट है उसके अनुसार, हमारा पड़ोसी देश आतंकवादियों की घुसपैठ कराने के लिए सीमा पार कुछ लॉन्च पैड बना रहा है।'

Gujrat

## स्कूल में नॉनवेज पार्टी

**सूरत, (एजेंसी)** गुजरात के सूरत में गोडादरा स्थित शिक्षण समिति के स्कूल में नॉनवेज परोसने पर विवाद हो गया है। यह कार्यक्रम 1987 से 1991 के बीच स्कूल में पढ़े तेलुगु समाज के छात्रों ने रखा था। इस दौरान पूर्व छात्रों (एल्युमिनाई) ने स्कूल कैंपस में लगी मां सरस्वती की मूर्ति को चुनरी से ढंक दिया। इसके कार्यक्रम शुरू किया गया और चिकन और मटन परोसा गया। यह कार्यक्रम 12 सितंबर को हुआ। इसमें स्कूल के प्रिंसिपल भी मौजूद थे। जब मीडिया स्कूल पहुंचा तो शिक्षक और स्टाफ फरार हो गए। स्कूल चौकीदार ने कहा कि सभी लोग सुबह आए थे, कार्यक्रम दोपहर में हुआ। ये स्कूल सूरत नगर निगम की शिक्षा समिति का है। 1987 से 1991 तक के कक्षा 7 के छात्रों का एक मिलन समारोह आयोजित किया गया था। ये सभी पूर्व छात्र 38 साल बाद स्कूल में एकत्र हुए और उसी के चलते मिलन समारोह रखा गया था। कार्यक्रम में प्रिंसिपल भी मौजूद थे। शिक्षण समिति के अध्यक्ष राजेंद्र कपाड़िया और प्रवक्ता विनोद गजेरा ने कहा कि उनकी बात प्रिंसिपल से हुई है। प्रिंसिपल ने गलती मान ली है। उन्होंने बताया कि कल इस मामले पर समिति की बैठक होगी, जिसमें पूरी जांच की जाएगी और उसके बाद प्रिंसिपल के खिलाफ उचित कार्रवाई की जाएगी।

Uttarpradesh

## नर्स ने गुस्से में लगा दिया गलत वीगो संक्रमण फैलने से हाथ काटने की आई नौबत... लखनऊ के KGMU में बड़ी लापरवाही

**लखनऊ, (एजेंसी)** लखनऊ के किंग जॉर्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी (KGMU) में एक नर्स की लापरवाही से 60 वर्षीय महिला मरीज की हालत गंभीर हो गई है. आरोप है कि नर्स ने गुस्से में मरीज को गलत वीगो (IV line) लगा दिया, जिससे महिला का हाथ सूजकर काला पड़ गया. अब हालत यह है कि महिला का हाथ काटने की नौबत आ गई है.

जानकारी के मुताबिक, लखनऊ की रहने वाली 60 वर्षीय केसरी देवी पिछले एक महीने से केजीएमयू के हड्डी रोग विभाग में भर्ती हैं. बीते सप्ताह मरीज के परिजनों ने ड्यूटी पर मौजूद नर्स से वीगो लगाने की रिक्वेस्ट की थी, लेकिन नर्स ने कई बार कहने के बावजूद देरी की. जब परिजनों ने उसके केबिन के सामने बैठकर इंतज़ार शुरू किया, तो नर्स भड़क गई और गुस्से में गलत जगह पर वीगो लगा दिया. कुछ देर बाद महिला के हाथ में सूजन आने लगी, लेकिन नर्स ने शिकायत के बावजूद दोबारा ध्यान नहीं दिया. हाथ की सूजन बढ़ने पर जब ड्यूटी बदली, तब नई नर्स ने जांच में बताया कि वीगो गलत नस में लगाया गया था. जिससे इंफेक्शन फैल गया है. अब मरीज का हाथ पूरी तरह काला पड़ चुका है. डॉक्टरों को आशंका है कि अगर संक्रमण आगे फैला, तो महिला का हाथ काटना पड़ सकता है. परिजनों ने इस पूरे मामले की शिकायत अस्पताल प्रशासन से की है. मामले की गंभीरता को देखते हुए केजीएमयू प्रशासन ने जांच समिति गठित कर दी है.

खेल

## ग्रीव्स-सील्स ने जीत का इंतजार बढ़ाया, सीरीज अपने नाम करने से 58 रन दूर भारतीय टीम, कुलदीप चमके

**नई दिल्ली, (एजेंसी) वेस्टइंडीज के निचले क्रम के बल्लेबाज जस्टिन ग्रीव्स और जेडन सील्स ने दूसरे टेस्ट मैच में 10वें विकेट के लिए शानदार साझेदारी कर भारत की जीत का इंतजार बढ़ा दिया। भारत चौथे दिन जीत हासिल करने के करीब था, लेकिन ग्रीव्स और सील्स अंतिम विकेट के लिए टिके रहे जिससे वेस्टइंडीज 120 रनों की बढ़त लेने में सफल रहा। लक्ष्य का पीछा करते हुए भारत ने दिन के खेल की समाप्ति तक दूसरी पारी में एक विकेट पर 63 रन बना लिए हैं और जीत के लिए अब 58 रन और बनाने हैं। स्टंप्स के समय क्रीज पर साई सुदर्शन 30 और केएल राहुल 25 रन बनाकर मौजूद हैं।**



वेस्टइंडीज को दूसरी पारी में समेटन के बाद उतरी भारतीय टीम को पहला झटका यशस्वी जायसवाल के रूप में लगा। यशस्वी जायसवाल आठ रन बनाकर वारिकन का शिकार बने। बड़े शॉट के चक्कर में यशस्वी कैच आउट हो गए। इसके बाद दिन के खेल की समाप्ति तक केएल राहुल और साई सुदर्शन ने भारत को अन्य झटका लगने नहीं दिया। भारत दूसरा टेस्ट जीतने के करीब है और उसकी कोशिश पांचवें दिन बिना कोई विकेट गंवाए मैच समाप्त करने पर टिकी होंगी।

इससे पहले वेस्टइंडीज की दूसरी पारी 390 रन पर सिमट गई। फॉलोऑन खेलते हुए वेस्टइंडीज ने अपने बल्लेबाजों के दम पर 390 रन बना डाले। भारत ने अपनी पहली पारी में पांच विकेट पर 518 रन बनाकर पारी घोषित की थी। जवाब में वेस्टइंडीज की पहली पारी 248 रन पर सिमट गई थी। तब भारत 270 रन से आगे था। ऐसे में भारत ने फॉलोऑन खिलाने का फैसला लिया और जवाब में वेस्टइंडीज की टीम ने 390 रन बनाए। वेस्टइंडीज की कुल बढ़त 120 रन की हुई और भारत को 121 रन का लक्ष्य मिला।

वेस्टइंडीज ने सोमवार को दो विकेट पर 173 रन से आगे खेलना शुरू किया और 217 रन बनाने में बाकी के आठ विकेट गंवा दिए। विंडीज के लिए जॉन कैंपबेल और शाई होप ने शतक जड़े। कैंपबेल 115 रन और होप ने 103 रन की पारी खेली। कप्तान रोस्टन चेज ने 40 रन बनाए, जबकि जस्टिन ग्रीव्स ने नाबाद 50 रन की पारी खेली। यह ग्रीव्स के टेस्ट करियर का पहला अर्धशतक रहा। वहीं, कैंपबेल ने भी पहला टेस्ट शतक जड़ा। तेजनारायण चंद्रपॉल ने 10 रन और एलिक अथानाजे ने सात रन बनाए। तेवलिन इमलाक ने 12 रन और वारिकन ने तीन रन बनाए। एंडरसन फिलिप दो रन बनाकर आउट हुए। खेरी पियरे खाता नहीं खोल सके। जेडन सील्स 32 रन बनाकर आखिरी विकेट के रूप में आउट हुए। भारत की ओर से कुलदीप यादव और जसप्रीत बुमराह ने तीन-तीन विकेट लिए, जबकि सिराज को दो विकेट मिले। जडेजा और सुंदर ने एक-एक विकेट लिया।

सिनेमा

## 'लोग जलते हैं उनसे...', ऐश्वर्या राय की ट्रोलिंग पर बोलीं ऋचा चड्ढा



कई बार एक्ट्रेस को ट्रोलिंग का सामना करना पड़ जाता है. जिसमें एक नाम पूर्व मिस वर्ल्ड और बॉलीवुड एक्ट्रेस ऐश्वर्या राय का भी हैं. हाल ही में वह अपने लुक के लिए काफी बुरी तरह से ट्रोल हुई थीं. हालांकि इस बार ऋचा चड्ढा उनके सपोर्ट में सामने आई और उन्होंने ट्रोलर्स को करारा जवाब भी दिया हैं. दरअसल हाल ही में ऐश्वर्या राय पेरिस लोरियल फैशन वीक 2025 में शामिल हुई थीं. इस इवेंट में उन्होंने ब्लैक कलर की शेरवानी पहनी थी. ये आउटफिट मनीष मल्होत्रा ने डिजाइन किया था. उनके इस लुक को काफी पसंद किया गया था. हालांकि कई लोगों को उनका ये लुक पसंद नहीं आया, जिसके बाद वो उन्हें सोशल मीडिया पर बुरी तरह से ट्रोल करने लगे. वहीं हाल ही में जब जिस्ट के साथ इंटरव्यू में ऋचा ने ऐश्वर्या राय की ट्रोलिंग पर बात की. उन्होंने कहा कि लोग ऐश्वर्या राय से जलते हैं. ऋचा ने ऐश्वर्या की तारीफ में कहा कि वो भारत के इतिहास के सबसे खूबसूरत महिला हैं. इसके साथ ही वो बहुत डिसिप्लिन और ग्रेसफुल भी हैं. वो कभी किसी के बारे में बुरा नहीं बोलती हैं. लोग भले ही उन्हें कितना भी ट्रोल कर ले, लेकिन इससे उन्हें कोई फर्क नहीं पड़ता हैं.

## Highlights

1. Bengaluru Police bust China-Pakistan linked call centre
2. Midnight cleaning clears 46 tonnes of waste on Bengaluru ORR
3. Flipkart goods worth ₹1.2 crore stolen from truck
4. 12 brides spike families' food on Karwa Chauth, run away with ₹30 lakh jewellery in UP
5. Congress opts out of J&K RS polls after NC denies 'safe seat'
6. Police arrest fourth accused in Durgapur gang rape case

# Google to invest $10 billion in data centre and AI project in Andhra Pradesh

**NEW DEIHI, (Agency).** Alphabet Inc.'s Google will invest $10 billion to set up a massive data centre and artificial intelligence hub in Andhra Pradesh, officials from the southern Indian state said, marking its biggest such investment in the South Asian nation.

Google will build a 1-gigawatt data centre campus in the port city of Visakhapatnam, combining AI infrastructure, large-scale energy sources, and an expanded fibre-optic network, according to a statement from the state government.




A formal agreement is expected to be signed on Tuesday.

The move comes amid intensifying competition among big tech companies, which are spending heavily on building new data centre infrastructure to meet booming demand for AI services.

"In an era where data is the new oil, such initiatives will serve as a strategic advantage," state IT minister Nara Lokesh said.

# HCLTech becomes first top-tier Indian IT firm to report standalone AI revenue

**NEW DEIHI, (Agency).** HCL Technologies Ltd. has become the first top-tier Indian IT firm to declare AI revenue separately, at a time when larger peer Tata Consultancy Services Ltd. has made known its intensions to become the largest AI-led technology services company globally.

The Noida-headquartered company has declared a standalone AI revenue in excess of $100 million in a quarter where its total contract value—or new deal wins—crossed the $2.5-billion mark without any mega deals worth a billion dollars or more, according to its quarterly results declared on Monday.

That underscores the spread of HCLTech's client base.

HCLTech AI Deal Wins In Q2 FY26

A US-based global power management company chose HCLTech to enhance its operational technology support and establish AI labs.

A US-based aerospace firm will use HCLTech's AI frameworks for precision manufacturing, faster system validation and higher production efficiency. A public sector transport authority will use HCLTech's AI solutions to enable real-time detection of traffic congestion and violations.

# What's causing the silver shortage in India this festive season?

**NEW DEIHI, (Agency).** Silver is trading at a steep premium in India over global prices, as the world's biggest consumer of the precious metal grapples with surging demand from millions of investors.

The premium has jumped to as much as 10% over global prices, prompting physically backed exchange-traded funds to suspend new



subscriptions.

At the same time, jewellers are struggling to meet strong demand ahead of Diwali, when silver purchases traditionally surge.

Global silver demand has outstripped supply for the past four years, using up the surplus produced in the previous five years. Even in 2025, the supply is struggling to keep pace, as about 70% of silver is a by-product of mining other metals, limiting how quickly output can respond to price increases. Amid the supply crunch, industrial demand, especially from renewable energy and high-tech sectors, continues to grow. The gap between supply and demand has drawn significant investment, including purchases of physically backed ETFs, coins, and bars, further widening the structural deficit and pushing prices to new record highs.




स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। ■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 7312433667, मो.नं. 9826044334 ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। ■ न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक